रोल नं०.................................नाम परीक्षार्थी.......................................

IX-10 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2023–24 ई० A

# सामाजिक विज्ञान (केवल एक प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक – 70

निर्देश :–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों (क) एवं (ख) में विभाजित है। (ii) खण्ड– ख में दो खण्ड (अ) एवं (ब) तथा मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न हैं। (iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

## खण्ड–क

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. लुई 16वाँ फ्रांस की राजगद्दी पर किस वर्ष बैठा था :– 1
(क) 1774 ई. में (ख) 1775 ई. में (ग) 1776 ई. में (घ) 1777 ई. में।

2. फ्रांस की प्राचीन संसद का क्या नाम था :– 1
(क) नेशनल असेम्बली (ख) एस्टेट्स जनरल (ग) नेशनल कन्वेशन (घ) डायरेक्टरी।

3. समाजवाद का जनक कौन था :– 1
(क) रूसो (ख) कार्ल मार्क्स (ग) एंगल्स (घ) बाकुनिन।

4. हिटलर कहाँ का तानाशाह था :– 1
(क) फ्रांस (ख) जर्मनी (ग) रूस (घ) इटली।

5. पर्ल हार्बर पर आक्रमण निम्नलिखित में से किस युद्ध से सम्बन्धित है :– 1
(क) ऑस्ट्रिया–पर्सिया युद्ध (ख) फ्रेंच–पर्सिया युद्ध
(ग) प्रथम विश्वयुद्ध (घ) द्वितीय विश्वयुद्ध।

6. चीन और मैक्सिको अलोकतान्त्रिक क्यों हैं :– 1
(क) लोग मतदान नहीं कर सकते
(ख) तानाशाह लोगों द्वारा निर्वाचित नहीं होते
(ग) चुनाव नियमित रूप से नहीं कराए जाते
(घ) वहाँ कोई विपक्षी दल नहीं होता।

7. पाकिस्तान में देश का मुख्य कार्यकारी कौन है :– 1
(क) राष्ट्रपति (ख) न्यायपालिका (ग) सेना (घ) संसद।

8. भारत का संविधान लागू किया गया :– 1
(क) 14 जनवरी, 1950 (ख) 17 जनवरी, 1950
(ग) 26 जनवरी, 1950 (घ) 25 दिसम्बर, 1949

9. नेल्सन मण्डेला को किस वर्ष रंगभेद का विरोध करने के लिए आजीवन कारावास की सजा दी गई :– 1
(क) सन् 1964 में (ख) सन् 1958 में
(ग) सन् 1967 में (घ) सन् 1961 में।

10. भारत में मतदान करने की न्यूनतम आयु है :– 1
(क) 20 वर्ष (ख) 21 वर्ष (ग) 18 वर्ष (घ) 24 वर्ष।

11. मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है :– 1
(क) लोकसभा अध्यक्ष (ख) गृहमंत्री
(ग) राष्ट्रपति (घ) प्रधानमंत्री।

12. वोटर लिस्ट का दूसरा नाम क्या है :– 1
(क) टिकट (ख) नामांकन पत्र
(ग) मतदाता सूची (घ) इनमें से कोई नहीं।

13. भारत किस गोलार्द्ध में स्थित है :– 1
(क) उत्तरी गोलार्द्ध (ख) दक्षिणी गोलार्द्ध
(ग) पश्चिमी गोलार्द्ध (घ) पूर्वी गोलार्द्ध।

14. स्वेज नहर को कब खोला गया था :– 1
(क) 1861 में (ख) 1860 में (ग) 1869 में (घ) 1871 में।

15. एक स्थलीय भाग जो तीन ओर से समुद्र से घिरा हो :– 1
(क) तट (ख) प्रायद्वीप
(ग) द्वीप (घ) इनमें से कोई नहीं। (पृष्ठ पलटिए)

16. पश्चिमी तटीय मैदान का उत्तरी भाग कहलाता है :- 1
(क) कन्नड़ मैदान (ख) कोंकण
(ग) मालाबार तट (घ) इनमें से कोई नहीं।

17. पालमपुर में मुख्य क्रिया कौन-सी है :- 1
(क) परिवहन (ख) विनिमय (ग) खेती (घ) पशुपालन।

18. हरित क्रान्ति भारत में कौन-से दशक के अन्त में प्रारम्भ हुई :- 1
(क) सन् 1960 (ख) सन् 1970 (ग) सन् 1980 (घ) सन् 1990

19. कृषि, वानिकी व पशुपालन कौन-से क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं :- 1
(अ) प्राथमिक क्षेत्र (ब) द्वितीयक क्षेत्र
(स) तृतीयक क्षेत्र (द) इनमें से कोई नहीं।

20. निम्नलिखित में से कौन प्राथमिक गतिविधि नहीं है :- 1
(क) कृषि (ख) खनन (ग) उत्खनन (घ) बैंकिंग।

## खण्ड–ख

### उपखण्ड–अ

21. फ्रांस की क्रान्ति से पूर्व फ्रांस की आर्थिक दशा का वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

रूस की क्रान्ति के दो प्रभाव लिखिए।

22. भारत में लोकतंत्र की सफलता के मार्ग में आने वाली बाधाओं को लिखिए। 4

**अथवा**

लोकतन्त्रात्मक गणराज्य से आपका क्या तात्पर्य है?

23. भारत को उपमहाद्वीप की संज्ञा क्यों दी जाती है? इसके दो कारण बताइए। 4

**अथवा**

नदियों तथा झीलों के कुछ आर्थिक महत्व को बताए।

24. पालमपुर में बिजली के प्रसार ने किसानों की किस तरह मदद की? 4

**अथवा**

आर्थिक और गैर-आर्थिक क्रियाओं में क्या अन्तर है?

### उपखण्ड – ब

25. फ्रांस की क्रान्ति के परिणामों पर प्रकाश डालिए। 6

**अथवा**

प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी की पराजय किन कारणों से हुई?

26. लोकतंत्र दूसरी अन्य सरकारों से बेहत्तर है। क्यों? 6

**अथवा**

संविधान की प्रस्तावना महत्वपूर्ण क्यों हैं?

27. देश के भौगोलिक स्वरूप ने भारतीय समाज को एकता एवं समरसता प्रदान की है, कैसे? स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

भारत के आर्थिक विकास में हिमालय पर्वत का क्या महत्व है? वर्णन कीजिए।

28. उत्पादन किसे कहते हैं? उत्पादन के विभिन्न साधनों को समझाइए। 6

**अथवा**

मानव पूँजी निर्माण का अर्थ बताइए। आर्थिक विकास में इसका क्या महत्व है?

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:- 10

29. (क) भारत के पश्चिमी घाट से पूर्वी घाट तक बहने वाली एक नदी का नाम ▬ ▬
(ख) उत्तर प्रदेश की राजधानी ——
(ग) गुजरात में स्थित खाड़ी का नाम ○
(घ) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह ⬡
(ङ) कावेरी नदी। ●

नाम परीक्षार्थी.................................अनुक्रमांक............................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

